मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-304
21/09/2024

# मुख्यमंत्री ने पुनौरा धाम के पुनर्विकास से संबंधित परियोजना की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए निर्देश

- **पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से करायें – मुख्यमंत्री**

पटना 21 सितम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पर्यटन विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तावित कार्य योजना की प्रस्तुति के माध्यम से उसकी विशेषताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान इस परियोजना से संबंधित एक लघु फिल्म दिखाई गई।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से कराएं, इसके लिए हर प्रकार का सहयोग राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। जब पुनौरा धाम में माता जानकी का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से हो जायेगा तो अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करनेवाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में पुनौरा धाम आएंगे और माता जानकी का दर्शन करेंगे। माता जानकी का दर्शन करनेवाले श्रद्धालु भी अयोध्या जायेंगे। पुनौरा धाम और अयोध्या की सीधी सम्पर्कता से भगवान राम और माता जानकी दोनों का दर्शन श्रद्धालुओं के लिये सुलभ होगा। उन्होंने एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित राम जानकी पथ का निर्माण तेजी से करायें ताकि सीतामढ़ी से सीधा कनेक्टिविटी स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि परिसर में जो तालाब है उसमें घाटों का भी निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण सुनियोजित तरीके से कराएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जल–जीवन–हरियाली अभियान को ध्यान में रखते हुए परिसर में हरियाली और जल की पर्याप्त उपलब्धता रहने से यह मंदिर परिसर हरा–भरा और सुंदर दिखेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, निदेशक पर्यटन श्री विनय कुमार तथा एन0एच0ए0आई0 के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******